# शांति समिति बैठक कल

रतलाम, नप्र। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 14 अगस्त को सुबह 11 बजे नये पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष महू रोड पर होगी। आहूत बैठक में आगामी दिनों में आने वाले त्योहार 19 अगस्त मोहर्रम, 22 अगस्त रक्षाबंधन, 30 अगस्त जन्माष्टमी, 31 अगस्त गोगानवमी, 8 सितम्बर रामदेव जयंती, 10 सितम्बर गणेश चतुर्थी, 17 सितम्बर डोल ग्यारस तथा 19 सितम्बर अनंत चतुर्दशी त्योहार पर की जाने वाली कानून एवं सुरक्षा व्ययवस्था के संबंध में विचार विमर्श कर निर्णय लेंगे

रतलाम। श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए जिले के ऐसे छात्रगण जो आवासीय विद्यालयों में प्रवेश लेना चाहते हैं उनकी परीक्षा 17 अगस्त मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सागौदरोड होगा।

प्र.भा. 13/8/21

# जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आज

रतलाम ● जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 14 अगस्त को प्रात: 11.00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष महू रोड पर आयोजित की गई है। बैठक में आगामी त्योहारों 19 अगस्त मोहर्रम, 22 अगस्त रक्षाबंधन, 30 अगस्त जन्माष्टमी, 31 अगस्त गोगानवमी, 8 सितम्बर रामदेव जयंती, 10 सितम्बर गणेश चतुर्थी, 17 सितंम्बर डोल ग्यारस तथा 19 सितम्बर अनंत चतुर्दशी त्योहारों पर कानून एवं सुरक्षा व्यस्था बनाए रखने की दृष्टि से निर्णय लिए जाएंगे। स्वदेश

स्वदेश 14/8/21

# अगले साल से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध

## केंद्र सरकार ने जारी किया नया नोटिफिकेशन

**नई दिल्ली, ब्यूरो** : पर्यावरण के लिए खतरा बने सिंगल-यूज प्लास्टिक से निजात पाने के लिए केंद्र सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। एक जुलाई 2022 के बाद से देश में इसका इस्तेमाल पूरी तरह से प्रतिबंधित हो जाएगा। इसी के साथ सरकार ने प्लास्टिक बैग की मोटाई को लेकर तैयार किए गए नए नियमों को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना बनाई है। यह 30 सितंबर के बाद लागू होगी। पहले चरण में प्लास्टिक की मोटाई को 50 माइक्रोन से बढ़ाकर 75 माइक्रोन करने का प्रस्ताव है, जबकि अगले चरण में इसे 75 माइक्रोन से बढ़ाकर 100 माइक्रोन या उससे ज्यादा किया जाएगा। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने गुरुवार को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों में बदलाव करते हुए नया नोटीफिकेशन जारी किया है। इसके तहत 'सिंगल यूज प्लास्टिक' के इस्तेमाल को एक जुलाई 2022 से प्रतिबंधित कर दिया गया है। पाली स्टाइनिग व एक्सपैंडेड पालीस्टाइनिन सहित सिंगल यूज वाले प्लास्टिक के उत्पादन, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध होगा। सरकार ने पहली बार सिंगल यूज प्लास्टिक को भी परिभाषित किया है। वह वस्तुएं इस श्रेणी में आएंगी, जिसे डिस्पोजल या रीसाइकिल के पहले एक काम के लिए एक बार ही प्रयोग में लाया जाना है। मंत्रालय ने यह कदम पीएम मोदी के उस एलान के बाद उठाया जिसमें उन्होंने 2022 तक देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति दिलाने की बात कही थी।

नईदुनिया 14/8/21

# अगस्त में दूसरी बार सामने आया पॉजिटिव, कुल संक्रमित 17502

## राहत की बात : गंभीर लक्षण सामने नहीं आए हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना संक्रमित मिलने का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। शुक्रवार को एक नया पॉजिटिव सामने आया है। इसी के साथ अब कुल संक्रमित 17502 हो गए हैं।

अगस्त के महीने में ये दूसरा मौका है जब पॉजिटिव मिला है। शुक्रवार को पुलिस लाइन निवासी 25 साल के युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। युवक नामली में आरक्षक है। हालांकि उन्हें गंभीर लक्षण नहीं हैं। बुखार है अभी मेडिकल कॉलेज शिफ्ट किया गया है। जिले में अब कुल कोरोना पॉजिटिव की संख्या 17502 हो गई है। इससे पहले 9 अगस्त को पॉजिटिव मिला था। अब एक्टिव केस की संख्या भी 2 पर पहुंच गई है। एपेडेमियोलोजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया युवक की कान्टेक्ट ट्रेसिंग की जा रही है। संपर्क में आने वाले लोगों की सेहत की जानकारी भी लेंगे।

### 4 दिन शहर में रहे थे 0 एक्टिव केस

इधर 0 एक्टिव केस के बाद अब फिर मामले बढ़ना शुरू हो गए हैं। 5 अगस्त को शहर में एक्टिव केस का आंकड़ा 0 हो गया था। कोरोना काल में ऐसा पहली बार ही हुआ था। 4 दिन तक शहर में एक्टिव केस 0 ही रहे। इसके बाद 9 अगस्त से फिर एक्टिव की संख्या बढ़ना शुरू हो गई। अब एक्टिव केस 2 हैं।

दै. भास्कर 14/8/21

# कोरोना का एक व डेंगू के छह नए मरीज, 27 घरों में लार्वा मिला

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में 4 अगस्त को कोरोना मरीजों की संख्या 0 होने के बाद अब फिर से नए मरीज मिलने लगे हैं। इसके साथ ही लगातार डेंगू के नए मरीज भी मिल रहे हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। 09 अगस्त को कोरोना का एक मरीज मिलने के बाद शुक्रवार को भी एक मरीज मिलने के बाद एक्टिव मरीजों की संख्या 02 हो गई है।

शहर में चल रहे फीवर सर्वे में कोरोना व डेंगू के संदिग्ध मरीजों की पहचान की जा रही है। शुक्रवार को भी जिला अस्पताल की एलायजा टेस्ट की 36 रिपोर्ट में डेंगू के छह नए मरीज मिले हैं। जिले में इस साल आठवें महीने तक 116 डेंगू के मरीज मिले हैं, जिसमें शहर के सर्वाधिक है। शुक्रवार को शहर में 34 दलों ने 2074 घरों का सर्वे किया, जिसमें सामान्य बुखार के पांच मरीज मिले हैं, जिन्हे डेंगू संदिग्ध मानकर सैंपल लिया गया। 27 घरों में डेंगू का लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया और 48 घरों में होम्योपैथी दवा का वितरण भी किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि संदिग्ध मरीजों का एलायजा टेस्ट कराया जा रहा है।

### वाल्वमैन सेवा से बर्खास्त

रतलाम। नगर निगम जलप्रदाय विभाग के दैनिक वेतन भोगी वाल्वमैन जितेंद्र-राधेश्याम के विरुद्ध महिला से ज्यादती के मामले में पुलि ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। एफआइआर दर्ज होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जितेंद्र-राधेश्याम को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

नईदुनिया 14/8/21

**वैक्सीन ही बचाएगी** • अब अंचल पर फोकस, जिले में भी हर वर्ग में 50% से ज्यादा लोग लगवा चुके वैक्सीन, रोज 12 हजार से ज्यादा लोगों को लग रहे टीके

# शहर भी 100 वैक्सीनेशन के करीब : 45+ के 98.41% को लग गई वैक्सीन, 18+ के भी 80% लोगों ने लगवा लिए टीके

भास्कर संवाददाता | रतलाम

## सबसे बड़ी राहत : 60 दिन से शहर में किसी पॉजिटिव की मौत नहीं, एक्टिव केस भी जिले में केवल एक ही

अब हमारा रतलाम शहर भी 100% वैक्सीनेटेड के करीब पहुंच गया है। शहर में 45+ के 98.41% लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। अब 45+ के लोग पहले डोज के लिए ढूंढने पर भी नहीं मिल रहे हैं। इधर, 18+ के लोग भी करीब 80% वैक्सीनेटेड हो चुके हैं। इधर, तेजी से वैक्सीनेशन का बड़ा फायदा ये है कि अब रतलाम शहर कोरोना की तीसरी लहर से लड़ने को तैयार है। असर भी दिख रहा है, क्योंकि 60 दिन से जिले में एक भी मौत नहीं हुई है।

कोरोना वैक्सीनेशन 7 महीने से चल रहा है लेकिन आखिरी दो महीने में वैक्सीनेशन ने तेजी से रफ्तार पकड़ी है। नतीजा ये है रतलाम शहर में 45 साल से ज्यादा उम्र के 79,908 लोगों को टीके लगने थे, इसमें से 78,641 लोग पहला डोज लगवा चुके हैं। जो 98.41% है। वैक्सीन के दूसरे डोज की रफ्तार भी अच्छी बनी हुई है। 44,195 लोग अब तक टीका लगवा चुके हैं, जो 56.20% है। 45+ के लोगों में सिर्फ सैलाना और बाजना को छोड़कर सभी जगहों पर 50% से ज्यादा लोग टीके लगवा चुके हैं। सबसे कम बाजना में 28% लोगों ने वैक्सीन लगवा ली है। भास्कर




### जानिए... कितने लोगों को लग चुकी है वैक्सीन

| शहर | टारगेट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| रतलाम शहर | 238801 | 86.53 |
| आलोट | 167404 | 55.11 |
| बाजना | 125407 | 30.21 |
| जावरा | 186997 | 54.16 |
| पिपलौदा | 106229 | 39.88 |
| सैलाना | 103334 | 37.08 |
| ग्रामीण | 191931 | 52.00 |

### इसलिए जरूरी है वैक्सीन.... अब शहर में पॉजिटिव मिल रहे लेकिन गंभीर नहीं, मौत भी 0

बड़े वर्ग को वैक्सीन लगने का असर भी साफ दिखने लगा है। अब शहर में कभी-कभी इक्का दुक्का पॉजिटिव मिल रहे हैं लेकिन ज्यादातर बिना लक्षण वाले ही हैं। गंभीर स्थिति किसी भी मरीज की नहीं बन रही है। जिले में 15 जून को आखिरी पॉजिटिव की मौत हुई थी। इसके बाद से ही मौत का सिलसिला थमा हुआ है। अब तक कुल 311 लोग कोरोना के कारण दम तोड़ चुके हैं। सबसे ज्यादा मई महीने में मौत हुई थी। एक दिन में 6 लोग भी दम तोड़ रहे थे।

### शहर में सबसे बड़ा वर्ग युवाओं का, 1.49 लाख लोग

शहर में वैक्सीनेशन का सबसे बड़ा वर्ग युवाओं का है। 1.49 लाख लोगों को इस वर्ग में वैक्सीन लगना है। इस वर्ग का वैक्सीनेशन प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती था लेकिन युवाओं की जागरुकता देखने को मिली है। अब तक 1.18 लाख लोग वैक्सीन लगवा चुके हैं। जो 79.19% है। 18+ के उम्र वर्ग में सबसे कम टीकाकरण बाजना में 30.38 प्रतिशत हुआ है।

### अब कुछ मजदूर वर्ग के लोग वैक्सीनेशन से बचे

इधर वैक्सीनेशन में लगे अधिकारी बताते हैं कि शहर के पॉश इलाकों में पूरी तरह वैक्सीनेशन हो चुका है। सुभाष नगर, ईश्वर नगर, शेरानीपुरा सहित कुछ अन्य इलाकों के लोग बचे हैं। इसका कारण ये है कि कुछ मजदूर वर्ग से जुड़े लोग भी हैं, जो बुखार आने से डर रहे हैं। क्योंकि, इससे उनकी दिनभर की मजदूरी का नुकसान का भी डर है।

### वैक्सीनेशन ही बचाएगा

*कोरोना की तीसरी लहर से वैक्सीनेशन ही बचाएगा। अब शहर में ज्यादातर लोगों को वैक्सीन लग गई है। ग्रामीण क्षेत्र में तेजी से वैक्सीनेशन किया जा रहा है। लोगों से भी अपील है कि वे टीका जरूर लगवाए। वैक्सीन लगने के बाद कोरोना से गंभीर होने की स्थिति नहीं बनेगी।*

**कुमार पुरुषोत्तम,**
कलेक्टर, रतलाम

दै.भास्कर 14/8/21

## शहर में आज यहां कोविड वैक्सीनेशन

रतलाम। शहर में 14 अगस्त शनिवार को कम्यनिटी हॉल अल्कापुरी और काश्यप सभागृह सागोद रोड पर कोविशील्ड का केवल द्वितीय डोज लगाया जाएगा। रतलाम शहर के न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर केवल विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। रतलाम शहर के महर्षि दयानंद स्कूल इंदिरा नगर केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 21, 27, 28, 29 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। मांगलिक भवन सुभाष नगर केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 80 , 81, 83 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। जमात खाना शैरानीपुरा केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 158,162, 187, 190, 194 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। प्राथमिक स्कूल ईश्वर नगर केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 166 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। अरेबीयन मोहम्मदी मदरसा चिंगीपुरा पर मतदान केंद्र क्रमांक 150, 188 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। ऑनर्स स्कूल दिलीप नगर रोड पर मतदान केंद्र क्रमांक 256, 257, 258 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा ।

नवभारत 14/8/21

## शहर में आज कई स्थानों पर होगा कोविड के लिए वैक्सीनेशन

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में शनिवार को कई स्थानों पर कोविड वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत रतलाम शहर में कम्यनिटी हॉल अल्कापुरी और काश्यप सभागृह सागोद रोड पर कोविशील्ड का केवल द्वितीय डोज लगाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त शहर के महर्षि दयानंद स्कूल इंदिरा नगर केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 21, 27, 28, 29 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। वहीं मांगलिक भवन सुभाष नगर केंद्र पर मतदान केंद्र 80, 81, 83 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। वहीं जमातखाना शैरानीपुरा केंद्र पर मतदान केंद्र 158 ,162, 187,190, 194 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। प्राथमिक स्कूल ईश्वर नगर केंद्र पर मतदान केंद्र 166, अरेबीयन मोहम्मदी मदरसा चिंगीपुरा पर मतदान केंद्र 150, 188, ऑनर्स स्कूल दिलीप नगर रोड पर मतदान केंद्र 256 ,257, 258 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। पत्रिका

पत्रिका 14/8/21

## आज कोविशील्ड का वैक्सीन लगाया जाएगा


**रतलाम ●** शहर में 14 अगस्त शनिवार को कम्यनिटी हॉल अल्कापुरी और काश्यप सभागृह सागोद रोड पर कोविशील्ड का केवल द्वितीय डोज लगाया जाएगा । रतलाम शहर के न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर केवल विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को कोविशील्ड का टीकाकरण किया जाएगा । रतलाम शहर के महर्षि दयानंद स्कूल इंदिरा नगर केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 21 ,27, 28 ,29 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा । मांगलिक भवन सुभाष नगर केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 80 ,81, 83 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा । जमात खाना शैरानीपुरा केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 158 ,162, 187 ,190 , 194 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा । प्राथमिक स्कूल ईश्वर नगर केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक-166 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा । स्वदेश

स्वदेश 14/8/21

## कोरोना का एक और मरीज मिला

**रतलाम.** जिले के कोरोना मुक्त होने के बाद अब फिर से इसके मरीज मिलने की शुरुआत हो गई है। रतलाम के कोरोना मुक्त होने के 5 दिन बाद पहला नया मरीज मिला था, उसके बाद अब शुक्रवार को एक और नया मरीज सामने आया है जिसके चलते अब मरीजों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। जिले में छिपे हुए कोरोना संक्रमितों को तलाशने के लिए प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अमला लगातार रेंडम स्तर पर जांच कर रहा है।

पत्रिका 14/8/21



# स्वतंत्रता दिवस की रिहर्सल परेड का कलेक्टर-एसपी ने अवलोकन किया

## प्रभारी मंत्री भदौरिया पुलिस ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में सलामी लेंगे

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त उत्साह और उमंग के वातावरण में इस वर्ष भी मनाया जाएगा,लेकिन यह कोविड गाइडलाइन के अनुरूप पुलिस लाइन परेड मैदान पर आयोजित होगा। जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया परेड की सलामी लेंगे।

शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने अधिकारियों की परेड की रिहर्सल देखी और परेड ग्राउंड की व्यवस्था का अवलोकन भी किया।


आयोजन के संबंध में लिए गए निर्णयानुसार समस्त विभाग प्रमुख अपने कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा राष्ट्रगान होगा। कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रात: 7.30 से 8 बजे के मध्य लिया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 8.45 बजे सभी अधिकारी-कर्मचारी पुलिस लाइन परेड मैदान में मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाकर परेड की सलामी ली जाएगी । कोविड को दृष्टिगत रखते हुए जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों एवं लोकतंत्र सेनानियों को घर जाकर शाल, श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित क्षेत्र के अनुभाग के अधिकारी समुचित व्यवस्था करेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि परेड अभ्यास के दौरान एवं मुख्य कार्यक्रम में प्रारंभ से समाप्ति तक चिकित्सक एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाए। नगर निगम द्वारा इस दौरान फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था हेतु यातायात थाना प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया गया कि मुख्य समारोह स्थल पर उपयोग में आने वाले विद्युत उपकरण के कनेक्शनों को खुला न रखा जाए, सभी कनेक्शन को सुरक्षित, बंद किया जाए। स्वदेश

स्वदेश 14/8/21

# तबादलों की नई तारीख तय नहीं, पिछली तारीखों में निकल रहे आदेश

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में स्थानांतरण की आखिरी तारीख सात अगस्त निर्धारित की गई थी। इस सीमा को बढ़ाने को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं हुई है पर विभाग पिछली तारीखों में आदेश जारी कर रहे हैं। श्रम विभाग ने छह अगस्त को तबादले किए। वहीं, कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं संचालनालय ने 12 अगस्त को आदेश सहित निर्देश जारी किए। जबकि, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छह अगस्त को कैबिनेट बैठक में मौखिक निर्देश दिए थे कि तबादलों को स्थगित रखें। 15 अगस्त के बाद इन पर विचार किया जाएगा। श्रम विभाग ने छह अगस्त के आदेश में 21 चिकित्सकों को स्थानांतरित किया। आदेश पर उप सचिव छोटे सिंह के हस्ताक्षर हैं। संचालनालय ने 12 अगस्त को निकाले आदेश में अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए। यदि अधिकारी कार्यमुक्ति आदेश लेने से इन्कार करें तो उनके आवास पर आदेश चस्पा कर दिया जाए। कार्यमुक्त होने के बाद अधिकारी यदि अवकाश पर हैं तो मेडिकल बोर्ड को सूचित करें। भ्रू.

नईदुनिया 14/8/21



# आज शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में होगा वैक्सीनेशन

रतलाम। शनिवार को रतलाम शहर के न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर केवल विदेश यात्रा करने वाले एवं शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को कोविशील्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। महर्षि दयानंद स्कूल इंदिरा नगर केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 21, 27, 28, 29 के लोगों को, मांगलिक भवन सुभाष नगर केंद्र पर मतदान केंद्र क्रमांक 80,81, 83, जमात खाना शेरानीपुरा केंद्र पर मतदान केंद्र 158 ,162, 187, 190, 194 के लोगों को, प्राथमिक स्कूल ईश्वर नगर केंद्र पर मतदान केंद्र 166, अरेबीयन मोहम्मदी मदरसा चिंगीपुरा पर मतदान केंद्र 150, 188 के लोगों को, आनर्स स्कूल दिलीप नगर रोड पर मतदान केंद्र 256, 257, 258 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा।

**जिले में इस तरह होगा वैक्सीनेशन**

- सैलाना क्षेत्र- ग्राम पंचायत इंद्रवलखुर्द, कपासिया चावड़ाखेड़ी, बड़ी खुर्द, सांसर, भामट, बेरदा।
- रतलाम ग्रामीण- नामली धौंसवास, धामनोद और पलसोड़ा।
- रतलाम ग्रामीण- रायन पाड़ा, ईसरथूनी, नौगांवा जागीर, लुनेरा, शिवपुर, सुरजापुर, जामथुन, चितावत, ढिकवा, बावड़ी खेड़ा, बांगरोद, धराड़, कोठड़ी।
- पिपलौदा क्षेत्र- पंचायत भवन चिकलाना, नांदलेटा, रियावन, माननखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय शेरपुर, पिपलिया, पंचायत भवन माननखेड़ा।
- जावरा क्षेत्र- आंबेडकर भवन जावरा, प्राथमिक विद्यालय ऊंट खाना जावरा, आयुर्वेदिक हास्पिटल जावरा, ग्राम पंचायत बोरवाना, तलावी, भानपुर, रूपड़ी, मुंडला राम, केरवासा, रिंगनोद, बरडिया गोयल, बड़ावदा, सादाखेड़ी, ढोढर, प्राथमिक विद्यालय मुंडला पोरवाल।
- बाजना क्षेत्र- ग्राम पंचायत गुर्जर पाड़ा, अमलीपाड़ा, चायन, सेलज डामर, सुंदरेल, खेरदा, भड़ान खुर्द, मानपुरा ओर झोला।
- आलोट क्षेत्र : आंबेडकर भवन आलोट, विक्रमगढ़ आलोट, आल ग्रेट पब्लिक स्कूल ताल, शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय ताल, खारवाकला, थंबगुराड़िया, मंडावल, निपानिया लीला, पाटन और जोयन।

अईइण्मा।

नईदुनिया 14/8/21

# 75 केंद्रों पर लगेगी वैक्सीन, 17 हजार से ज्यादा डोज लगेंगे

## न्यू कलेक्टोरेट पर विदेश यात्रा वालों को टीके लगाएंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में शनिवार को वैक्सीनेशन किया जाएगा। 75 केंद्रों पर 17 हजार से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगेगी। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल और कांश्यप सभागृह सागोद रोड में कोविशील्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले व अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविशील्ड का वैक्सीनेशन होगा।

महर्षि दयानंद स्कूल इंदिरा नगर केंद्र पर मतदान केंद्र 21, 27, 28, 29 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। मांगलिक भवन सुभाष नगर केंद्र पर मतदान केंद्र 80 , 81, 83 के, जमातखाना शेरानीपुरा केंद्र पर मतदान केंद्र क्रं. 158, 162, 187, 190, 194 के, प्राथमिक स्कूल ईश्वर नगर- केंद्र पर मतदान केंद्र 166 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। अरेबियन मोहम्मदी मदरसा चिंगीपुरा पर मतदान केंद्र 150, 188 के लोगों को कोविशील्ड का पहला डोज लगाया जाएगा। ऑनर्स स्कूल दिलीप नगर रोड पर मतदान केंद्र क्रं. 256, 257, 258 के लोगों को पहला डोज लगेगा।

### जिले में यहां लगेगी वैक्सीन

**सैलाना :** ग्राम पंचायत इंद्रवलखुर्द, कपासिया चावड़ा खेड़ी बड़ी खुर्द सांसर, भामट, बेरदा में पहला डोज।

**रतलाम ग्रामीण :** नामली, धौंसवास, धामनोद और पलसोड़ा में कोविशील्ड का दूसरा डोज। रायन पाड़ा, ईसरथूनी, नौगांवा जागीर, लुनेरा, शिवपुर, सुरजापुर, जामथुन, चितावत, ढिकवा, बावड़ी खेड़ा, बांगरोद, धराड़, कोटड़ी में को-वैक्सीन का पहला डोज लगेगा।

**पिपलौदा :** पंचायत भवन चिकलाना, प्राथमिक विद्यालय शेरपुर, पंचायत भवन नांदलेटा, प्राथमिक विद्यालय पिपलिया, पंचायत भवन रियावन, पंचायत भवन माननखेड़ा में कोविशील्ड।

**बाजना :** ग्राम पंचायत गुर्जरपाड़ा, अमलीपाड़ा, चायन, सेलज डामर, सुंदरेल, खेरदा, भड़ानखुर्द , मानपुरा और झोली में कोविशील्ड।

**जावरा :** आंबेडकर भवन जावरा, प्राथमिक विद्यालय ऊंटखाना जावरा, आयुर्वेदिक हॉस्पिटल जावरा, ग्राम पंचायत बोरखाना, ग्राम पंचायत तलावी, भानपुर, रूपडी, प्राथमिक विद्यालय मुंडला पोरवाल।

दै. भास्कर 14/8/21

# समूह के माध्यम से तैयार हो रहे रक्षा सूत्र

**रतलाम.** जिले की महिलाएं अपनी कल्पना शक्ति, शासन के सहयोग एवं अपनी मेहनत से रक्षाबंधन पर रक्षा सूत्र तैयार कर जीवन प्रबंधन के लिए नए सूत्र तैयार कर रही हैं। रक्षाबंधन त्योहार के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अच्छे व्यापार की उम्मीद है। ये महिलाएं अलग-अलग वैरायटी की राखी बना रही हैं, उनके दाम भी कम रखे गए हैं। पत्रिका

मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन रतलाम के अंतर्गत विभिन्न आजीविका गतिविधियों में एक प्रमुख गतिविधि राखी निर्माण कार्य भी है जो सभी विकासखंड में प्रारंभ किया गया है। विकासखंड पिपलोदा के ग्राम राकोदा में जय श्रीराम आजीविका स्वयं सहायता समूह की सपनाबाई, प्रेमबाई, पर्वतीबाई, पंपाबाई एवं विकासखंड बाजना के ग्राम कुंदनपुर में आनंद आजीविका स्वयं सहायता की पिंकीबाई, ग्राम संगठन आडापथ की महिलाओं ने राखी के निर्माण व क्रय विक्रय गतिविधि प्रारंभ कर दी है। इन महिलाओं द्वारा जूट, रेशम, मोती, कुंदन, फ्लावर आदि वैरायटी की राखी बनाई जा रही है। राखी की दुकान स्थानीय गांव के अतिरिक्त आसपास के हाट बाजारों में दुकान लगाकर और फेरी के माध्यम से विक्रय करेंगे।

पत्रिका 14/8/21

# खराब सड़क पर 'गड्ढा कूद' स्पर्धा

**रतलाम, नप्र।** शहर में सडकें खराब हो चुकी है। जगह-जगह से ऐसी उखड़ चुकी हैं कि गड्ढों में सड़क दिखाई नहीं देती है। सडकों की ऐसी हालात को लेकर शहर कांग्रेस ने 'गड्ढा कूदो' स्पर्धा आयोजित की।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया ने बताया कि नगर निगम और जनप्रतिनिधियों को नींद से जगाने के लिए दोबत्ती चौराहे पर गड्ढा कूदो स्पर्धा रखी। विरोध जताने के लिए हुई।

गड्डा कूद की स्पर्धा में कांग्रेस के कई लोगों ने भाग लिया। रोचक मुकाबले में अव्वल आने वाले प्रतियोगियों को बकायदा पहला, दूसरा और तीसरा इनाम शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विनोद मिश्रा मामा तथा जेम्स चाको की ओर से दिए गए। इस खेल के माध्यम से विरोध जताते हुए मौजूद कार्यकर्ताओं ने गड्ढों में पौधे लगाकर नगर निगम को जगाने की कोशिश की कि अब तो जागो, सड़कों को चलने लायक बनाओ। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया ने बताया कि सड़कों की हालात सुधारने के लिए बार-बारअनरोध किय, लेकिन ना तो नगर निगम प्रशासन ध्यान दे रहा है और नहीं जनप्रतिनिधि। सड़कों की सूध नहीं लिए जाने से आए दिन दुर्घटना हो रही है। कई लोगों तो गड्ढों की वजह से घायल होना पड़ रहा है। इस अनूठे विरोध के माध्यम से शहर कांग्रेस ने चेताया कि शहर की सड़कों को हालात को जल्द ही नहीं सुधारा गया तो आगामी दिनों में कांग्रेस नगर निगम का घेराव करेंगी। इस दौरान यास्मीन शैरानी, बसंत पंड्या, विजयसिंह चौहान, कमरुद्दीन कचवाय, राजीव रावत, सुजीत उपाध्याय, रवि वर्मा, इक्का बैलूत, जितेन्द्र पंडित हाड़ा, सतीश गिरी, मांगीलाल जैन सहित कांग्रेसजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्र.भी. 13



गड्ढों में पौधे... शहर कांग्रेस ने खराब सड़क के गड्डों में पौधे लगाते।

प्रभात किरण 13/8/21

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण, पुलिस परेड ग्राउंड पर होगा मुख्य समारोह



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की तैयारी जिले में जोर शोर से चल रही है। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह को लेकर पुलिस और प्रशासन का अमला भी तैयारियों में जुटा हुआ है। मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

मुख्य समारोह के पूर्व शुक्रवार को पुलिस ने परेड की अंतिम रिहर्सल की। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम के साथ ही पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी परेड ग्राउंड पर मौजूद रहे और परेड देखी। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## यह रहेगा कार्यक्रम

15 अगस्त को प्रातः 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, प्रातः 9.05 बजे परेड निरीक्षण, 9.15 बजे संदेश वाचन, 9.25 बजे हर्ष फायर, 9.35 बजे मार्च पास्ट, परेड कमांडर से परिचय, 9.45 बजे पुरस्कार वितरण, 9.50 बजे आभार प्रदर्शन ,10 बजे मध्य प्रदेश गान होगा। पत्रिका

पत्रिका 14/8/21

# हितग्राहियों को प्रथम किस्त के भुगतान की कार्रवाई आज ही पूर्ण करें

## पी.एम. आवास योजना की निगम आयुक्त ने ली बैठक

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक के हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाए जाने के संबंध में गत बैठक में दिए निर्देशों के तहत किए गए कार्यों की निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने समीक्षा की।

निगम आयुक्त ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि बीएलसी घटक के ऐसे 68 पात्र हितग्राही जिनका जियो टेगिंग पूर्ण हो चुका है तथा उन्हे प्रथम किस्त का भुगतान की कार्रवाई आज ही पूर्ण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि डीपीआर 4 के अतिरिक्त 1200 हितग्राही जिनके समय-




समय पर आवेदन प्राप्त हुए है उनके जियो टेगिंग का कार्य तेजी से किया जाए साथ ही ऐसे हितग्राही जो बीएलसी घटक में राशि नहीं लेना नहीं चाह रहे है उनसे आवेदन लिए जाकर पोर्टल पर दर्ज करवाएं।


बैठक में श्री झारिया ने निर्देशित किया कि बीएलसी घटक के तहत ऐसे हितग्राही जो कि मरम्मत कार्य के लिए राशि चाह रहे है उन्हें अपात्र ना करते हुए होल्ड पर रखा जाकर संचालनालय से मार्गदर्शन लिया जाए। एएचपी घटक के तहत ईडब्ल्यूएस फ्लैट हेतु 442 हितग्राहियों में से 280 हितग्राहियों ने ही बैंक में खाते खुलवाएं है, शेष हितग्राहियों से 1 सप्ताह की समयावधि में खाते खुलवाए जाएं व लोन की कार्यवाही पूर्ण की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि लोन प्रकरण बैंकों में समान रूप से भेजे जाएं।

### ऋण के लक्ष्य की पूर्ति नियत समयावधि में पूर्ण करें

पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है उंन्हे ऋण दिलाए जाने के कार्य की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दिए गए लक्ष्य की पूर्ति समय-सीमा में पूर्ण करें साथ ही हितग्राहियों के मोबाइल नम्बर व पता आदि बैंकों तक पहुंचाएं। इसके अलावा एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना की समीक्षा कर श्री झारिया ने निर्देशित किया कि समूह ऋण प्रकरण ऐसे तैयार करें कि समूह को अधिक से अधिक आय प्राप्त होकर प्रदेश ही नहीं देश में भी नगर निगम का नाम रोशन हो। उन्होंने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि प्रतिदिन के कार्यों की प्रगति से उपायुक्त श्री विकास सोलंकी को अवगत कराएं। स्वदेश

स्वदेश 14/8/21





# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे

रतलाम। रतलाम पुलिस परेड ग्राउंड पर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त देशभक्ति भावना से समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं जिला प्रभारी

## ▸ पुलिस परेड ग्राउंड पर फाइनल रिहर्सल हुई

मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

मुख्य समारोह के लिए निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 15 अगस्त को प्रात: 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, प्रात: 9.05 बजे परेड निरीक्षण, 9.15 बजे संदेश वाचन, 9.25 बजे हर्ष फायर, 9.35 बजे मार्च पास्ट, परेड कमांडर से परिचय, 9.45 बजे पुरस्कार वितरण, 9.50 बजे आभार प्रदर्शन ,10 बजे मध्य प्रदेश गान होगा।

शुक्रवार को पुलिस परेड ग्राउंड पर मुख्य समारोह के अंतिम रिहर्सल की गई। इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार, डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**शुष्क दिवस रहेगा:** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकाने, वायनरी, वाइन आउट लेट तथा देशी-विदेशी मद्य भंडागार बंद रखे जाएंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जारी आदेश के अनुसार शुष्क दिवस पर पूर्ण सतर्कता बरतते हुए देशी एवं विदेशी मदिरा के धारण, परिवहन एवं विक्रय पर भी पूर्ण अंकुश रखा जाएगा। नवभारत

नवभारत 14/8/21

**बोले टेगिंग पूरा तो तुरंत हो इनको भुगतान**

# आवास योजना की नगर निगम आयुक्त ने बैठक में की समीक्षा



रतलाम. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक के हितग्राहियों को शीघ्र लाभ दिलाये जाने के संबंध में गत बैठक में दिये निर्देशों के तहत किये गये कार्यों की निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने समीक्षा की। 68 पात्र हितग्राही जिनका जियो टेगिंग पूर्ण हो चुका है तथा प्रथम किश्त का भुगतान की कार्यवाही करने को कहा गया।

आयुक्त झारिया ने बैठक में कहा कि डीपीआर 4 के अतिरिक्त 1200 हितग्राही जिनके समय-समय पर आवेदन प्राप्त हुए है उनके जियो टेगिंग का कार्य तेजी से किया जाये साथ ही ऐसे हितग्राही जो बीएलसी घटक में राशि नहीं लेना नहीं चाह रहे है उनसे आवेदन लिये जाकर पोर्टल पर दर्ज करवायें। एएचपी घटक के तहत ईडब्ल्यूएस फ्लेट हेतु 442 हितग्राहियों में से 280 हितग्राहियों ने ही बैंक में खाते खुलवाये है शेष हितग्राहियों से 1 सप्ताह की समयावधि में खाते खुलवाये जायें व लोन की कार्यवाही पूर्ण की जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि लोन प्रकरण बैंको में समान रूप से भेजे जाए।

पत्रिका 14/8/21